

# बोर्ड परीक्षाओं की सभी तैयारियां पूर्ण, 17 सेंटरों पर लगेंगे जैमर

## हायर सैकेण्डरी की परीक्षाएं 10 एवं हाईस्कूल की परीक्षा 13 फरवरी से होगी शुरू, 11 हजार 379 परीक्षार्थी 35 सेंटरों पर देंगे परीक्षाएं

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 फरवरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल अंतर्गत बोर्ड की परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू हो रही है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार जिले में बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशानुसार जिले के 17 परीक्षा सेंटरों पर परीक्षा के दौरान मोबाइल नेटवर्क को निष्क्रिय करने के लिए जैमर भी लगाये जा रहे है। यह जैमर हाईस्कूल परीक्षा के 6 मुख्य विषयों तथा हायर सैकेण्डरी परीक्षा के 12 मुख्य विषयों के पेपर के दौरान सक्रिय रहेगे।

हायर सैकेण्डरी की परीक्षा जहां 10 फरवरी से शुरू हो रहीं हैं, वही हाईस्कूल 10वी की बोर्ड परीक्षाएं 13 फरवरी से प्रारंभ होगी। बोर्ड परीक्षाओं में कुल 11 हजार 379 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षाओं के लिए जिले में 35 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए प्रशासन द्वारा ध्वनि प्रदुषण सहित धरना प्रदर्शन, रैली, जुलूस एवं परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर परिधि में 5 से अधिक व्यक्तियों के एकत्रितीकरण आदि के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किये गये है। इसके साथ ही जिला एवं ब्लॉक स्तर के निगरानी दल भी बनाये गये है। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर जिला स्तर से अधिकारियों को प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही सभी परीक्षा केन्द्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में अधिकारी तैनात किये गये है।

जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने बताया कि कक्षा 12वी की परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू होगी, इस परीक्षा में 4 हजार 678 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार 13 फरवरी से शुरू होने वाली 10वी बोर्ड की परीक्षा में 6 हजार 701 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बोर्ड परीक्षाओं के लिए कुल 35 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। नियमित विद्यार्थियों के लिए 33 तथा स्वाध्यायी छात्रों के लिए 02 परीक्षा केन्द्र निर्धारित है। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित होगी। विद्यार्थियों से अपेक्षा की गई है कि वे प्रात: 8.30 बजे से पूर्व तक अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंच जायें। सभी परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष के अलावा कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जिला एवं ब्लॉक स्तर के पैनल भी बनाये गये है। अतिसंवेदनशील एवं संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर पर्यवेक्षक नियुक्त रहेंगे। सभी परीक्षा केन्द्रों के लिए सामग्री का वितरण कर दिया गया है तथा आज रविवार को सभी केन्द्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों के साथ गूगल मीट के माध्यम से परीक्षा सेंटरों पर पर्याप्त मात्रा में फर्नीचर की उपलब्धता के साथ ही पेयजल, शौचालय, उचित प्रकाश व्यवस्था आदि के संबंध में चर्चा कर व्यवस्थाओं का आंकलन किया गया।

### इन परीक्षा केन्द्रों पर लगेंगे जैमर

जिन परीक्षा केन्द्रों पर जैमर लगाये जायेगे, उनमें शासकीय उत्कृष्ट हायर सैकेण्डरी स्कूल श्योपुर, शासकीय हायर सैकेण्डरी (सांदीपनि) मॉडल स्कूल विजयपुर, शासकीय हाई स्कूल जैनी, शासकीय हाईस्कूल ननावद, शासकीय अम्बिका हायर सैकेण्डरी स्कूल इकलौद, राजीव गांधी हायर सैकेण्डरी स्कूल बडौदा, सरस्वती विद्या मंदिर हायर सैकेण्डरी स्कूल श्योपुर, जगदम्बा हायर सैकेण्डरी स्कूल ढोढर, सरस्वती ज्ञान मंदिर हायर सैकेण्डरी स्कूल बडौदा, अल्फा इंग्लिश हाई स्कूल श्योपुर, शासकीय मिडिल स्कूल प्रेमसर, शासकीय मिडिल स्कूल सोईकलां, शासकीय मिडिल स्कूल पहेला, शासकीय मिडिल स्कूल श्यामपुर, शासकीय मिडिल स्कूल इकलौद, श्री लीलाधर आदर्श विद्या मंदिर वीरपुर, सिद्धी विनायक डीएलएड कॉलेज गसवानी शामिल है।



# गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए शिविर आयोजित

**श्योपुर, 9 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व वंदन योजना अंतर्गत आज बडौदा, विजयपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर शिविरों का आयोजन किया गया।

सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विजयपुर कैंप में स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा त्यागी द्वारा 55 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई, जिसमें 12 हाईरिस्क चिन्हित की गई। इस प्रकार बड़ौदा कैंप में स्त्रीरोग विशेष डॉ मासूम जाहिरा द्वारा 51 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच कर 11 गर्भवती महिलाओं को हाईरिस्क के रूप में चिन्हांकन कर उन्हें स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में महिला चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान हरी सब्जी, दूध आदि का सेवन करने एवं पर्याप्त मात्रा में पानी पीने सहित अन्य परामर्श प्रदान किये गये।

# बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा विजयपुर के माध्यम से गौरवपूर्ण वृद्धावस्था सम्मानित जीवन अभियान संचालित किया जा रहा है।

सामाजिक न्याय विभाग व प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विजयपुर के संयुक्त तत्वाधान में गत शनिवार को गांधी चौक विजयपुर से शुरू हुई जागरूकता रथ यात्रा आज सोमवार को तहसील विजयपुर से प्रारंभ हुई, अभियान प्रभारी बीके शशि बहन ने बताया कि प्रस्तावित यात्रा रूठ सुनवाई, दोर्द, बाराकला गांव के लिए रथ को तहसीलदार विजयपुर श्रीमती अमिता सिंह तोमर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### गौरवपूर्ण वृद्धावस्था सम्मानित जीवन अभियान जारी

इस अवसर पर तहसीलदार श्रीमती अमिता तोमर ने कहा कि परिवार तथा समाज में बड़े बुजुर्गों का सम्मान करना यह हमारी संस्कृति है तथा इसे हमें जीवित रखना है तथा बताया कि वर्तमान समय में पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के कारण आमजन तथा युवाओं में संस्कारित मूल्यो में कमी आई है, जिसके कारण यह विकट स्थिति उत्पन्न हुई है, इसलिए यह अभियान समय की मांग है बहुत ही सुंदर संयुक्त प्रयास हैं, ब्रह्माकुमारी संस्था के समाज सेवा प्रभाग के सदस्य मूल्य निष्ठ प्रदर्शनी के माध्यम से आम जनता तथा युवाओं में बड़े बुजुर्गों के प्रति सम्मान का भाव जगाने के लिए जागरूकता के रूप में अभियान चला रहे है, जो बहुत ही सराहनीय कार्य है।

अभियान प्रभारी ब्रह्माकुमारी शशि बहन द्वारा वृद्ध जनों का सम्मान के साथ तहसीलदार श्रीमती अमिता सिंह तोमर का स्वागत किया गया तत्पश्चात सुनवई, दोर्द तथा बराकला में अभियान यात्रियों ने जगह-जगह पर वृद्धजनों का सम्मान किया और आमजन तथा युवाओं में नारों के माध्यम से जागृति लाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर हरिओम मित्तल, सुभाष भाई, प्रकाश भाई, विनोद भाई उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक

## परीक्षा केन्द्रों के आस-पास धरना, जुलूस, सभा, रैली के प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक लगाई गई है, इसके साथ ही परीक्षा केन्द्रों के आसपास धरना, जुलूस, सभा, रैलियों का प्रदर्शन भी गत दिनों जारी आदेश के माध्यम से प्रतिबंधित किया गया है। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा उक्त आदेशो का कडाई से पालन कराने के संबंध में श्योपुर, विजयपुर, कराहल के एसडीएम-एसडीओपी को निर्देश जारी किये गये है।

### एसडीएम-एसडीओपी को आदेशो का कडाई से पालन कराने के निर्देश

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी आदेश के अनुसार हाई स्कूल एवं हायर सेकेंण्डरी की वार्षिक परीक्षायें 10 एवं 13 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी हेतु अनुकूल वातावरण प्रदान करने तथा परीक्षा केन्द्रों पर शांति पूर्वक तरीके से परीक्षायें संपन्न कराने के लिए आदेश जारी किये गये है।

जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजन के दौरान एवं विद्यार्थियों के लिए परीक्षा की तैयारी हेतु अनुकूल वातावरण को दृष्टिगत रखते हुए किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है एवं परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 100 मीटर की परिधि के अन्दर 5 या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर (परीक्षार्थी, ड्यूटी पर लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को छोडकर) पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। परीक्षा केन्द्रो के आस-पास किसी भी प्रकार का धरना, जुलूस, सभा अथवा रैली के प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध रहेगा।

### एसडीएम एवं एसडीओपी को किया निर्देशित

किसी भी व्यक्ति द्वारा आदेश की अवहेलना किये जाने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत विधि अनुसार दण्डनीय कार्यवाही की जाऐगी। यह निषेद्याज्ञा माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षाओं तक प्रभावशील रहेगी। इस संबंध में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा सभी एसडीएम एवं एसडीओपी को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्रो में उक्त आदेशो का कडाई से पालन सुनिश्चित किया जायें।



# विजयपुर में चोरों के हौसले बुलंद एक ही रात में चटकाएं दो घरों के ताले

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 फरवरी।** विजयपुर की बजरंग कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में दो सूने मकानों को निशाना बनाकर सनसनी फैला दी। चोरों ने ताले तोड़कर दोनों घरों से सोना-चांदी के जेवरात एवं नकदी सहित लगभग 10 से 15 लाख रुपये की चोरी कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार काठौन निवासी पिंटूध्सिमेन्दर जादौन (पूर्व सरपंच) एवं भावना पति गणेश जादौन के समारोह में शामिल होने के लिए बामसौली गए हुए थे। सूने मकानों का फायदा उठाकर चोरों ने रात्रि लगभग 1 बजे वारदात को अंजाम दिया।

### पुलिस गशत पर उठे सवाल

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों में पुलिस गशत को लेकर नाराजगी भी देखी जा रही है।

# पात्रतानुसार 106 योजनाओं में लाभ दिया जाए : डीएम

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा है कि संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शासन की 106 योजनाओं में पात्रतानुसार हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया जायें। यह अभियान गत 12 जनवरी से 31 मार्च तक जारी रहेगा। इसके अंतर्गत वर्तमान में पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके उपरांत 16 फरवरी से कलस्टर लेबल पर शिविर लगाये जायेगे। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक के दौरान अभियान की समीक्षा कर रहे थे।

### संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों को उनकी पात्रतानुसार लाभ प्रदान करने हेतु डोर टू डोर आवेदन प्राप्त किये जा रहे है, पंचायत स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया जायें, इसके बाद कलस्टर स्तर पर आयोजित शिविरों में निराकरण से शेष आवेदनों तथा नवीन आवेदनों का निराकरण करने की कार्यवाही की जायेगी। कलस्टर लेबिल पर निराकरण से शेष आवेदन विकासखण्ड स्तर पर आयोजित शिविर में निराकरण के लिए रखे जायेंगे, इसके साथ ही नवीन आवेदन भी प्राप्त किये जायेगे, जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से हितग्राहियों को लाभ का वितरण किया जायेगा।

अभियान की समीक्षा में पाया गया कि अभी तक विभिन्न योजनाओं से संबंधित 32 हजार 644 आवेदन प्राप्त हुए है, जिसमें से 16 हजार 179 आवेदन स्वीकृत किये गये है और 4 अस्वीकृत हुए है, 16 हजार 461 लंबित है। उन्होने निर्देश दिये कि लंबित आवेदनों का निराकरण गंभीरता से सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ किया जायें। समीक्षा के दौरान विजयपुर नगर परिषद में प्राप्त आवेदनों की संख्या 1260 होने पर सीएमओ विजयपुर को आवेदनों की संख्या बढाने तथा अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने के निर्देश दिये गये, इसके साथ ही पीओ डूडा को निर्देश दिये कि आवेदन संख्या कम होने पर सीएमओ विजयपुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाये। इसी प्रकार मत्स्यपालन से जुडे हितग्राहियों एवं पशुपालको के केसीसी कार्ड बनाये जाने के संबंध में निर्देश दिये गये।

**10 फरवरी को 05 स्थानों पर लगेंगे पंचायत स्तरीय शिविर :** संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन जारी है, इसी क्रम में 10 फरवरी को श्योपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सोठवा, पच्चीपुरा एवं तुलसैफ में शिविर आयोजित किये जायेगे। इसी प्रकार कराहल विकासखण्ड अंतर्गत 10 फरवरी को ग्राम पंचायत निमानिया एवं पिपरानी में शिविर लगाये जायेगे। यह शिविर प्रात: 10 बजे से सांय 05 बजे तक आयोजित होगे, शिविरों के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है तथा ग्राम स्तरीय दल में पटवारी, पंचायत सचिव, जीआरएस, आरएईओ, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदि मैदानी अमले को शामिल किया गया है।

### कलस्टर स्तर के शिविरों का आयोजन 16 से

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार अभियान के तहत कलस्टर एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के लिए तिथि निर्धारित की गई है। जारी आदेश के अनुसार 19 स्थानों पर कलस्टर लेबल के शिविर आयोजित होगे, इसके अंतर्गत 16 फरवरी को सोईकंला में, 17 फरवरी को बगवाज में, 18 फरवरी को रघुनाथपुर में, 19 फरवरी को दांतरदा कलां में, 20 फरवरी को आवदा में, 21 फरवरी को वीरपुर में, 23 फरवरी को अजापुरा में, 24 फरवरी को कराहल में, 25 फरवरी को अगरा में, 26 फरवरी को पाण्डोला में, 27 फरवरी को खिरखिरी में, 28 फरवरी को खितरपाल में, 02 मार्च को रतोदन में, 05 मार्च को गसवानी में, 06 मार्च को ललितपुरा में, 07 मार्च को गोहटा में, 09 मार्च को प्रेमसर में, 10 मार्च को टर्राकलां में तथा 11 मार्च को मानपुर में कलस्टर स्तर के शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों के लिए संबंधित जनपदों के सीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अभियान के तहत विकासखण्ड स्तर पर भी शिविर का आयोजन होगा, 18 मार्च को जनपद पंचायत सभागार विजयपुर में, 24 मार्च को जनपद पंचायत सभागार श्योपुर में तथा 25 मार्च को जनपद पंचायत सभागार कराहल में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर लगाये जायेगे। इन शिविरों के लिए संबंधित एसडीएम नोडल अधिकारी रहेंगे।

# कॉलेजों में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने शिविर लगाएं : डीएम

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के युवाओं के लिए ड्रायविंग लाइसेंस बनाये जाने के लिए सभी कॉलेजों में शिविर लगाये जायें। इसके लिए परिवहन विभाग, लीड कॉलेज प्राचार्य से समन्वय कर शिविर आयोजन की तिथियां सुनिश्चित करें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे थे।



### समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में नॉन अटेंडेन्ट शिकायतों के मामले में कडी कार्यवाही की जायेगी, इसलिए सभी अधिकारी शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल अटेंन्ड करें एवं शिकायतों का सकारात्मक तथा संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करें। ऐसे अधिकारी जो टीएल मार्क पत्रों एवं शिकायतों के निराकरण और प्रतिवेदन भेजने में उदासीनता बरतते है, उन्हें समक्ष में बुलाकर प्रतिवेदन प्राप्त किया जायें तथा प्रतिदिन निराकरण की समीक्षा की जायें। उन्होंने वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों का उत्तर समय पर भेजने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। इसी प्रकार विधानसभा प्रश्नो के जवाब त्वरित भेजे जाने हेतु निर्देशित किया गया।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने एलडीएम को निर्देश दिये कि पीएम जीवन ज्योति योजना, पीएम जीवन सुरक्षा योजना एवं अटल पेंशन योजना अंतर्गत हितग्राहियों का पंजीयन करने के लिए शिविर आयोजित किये जायें।

### मंडी शुल्क बढ़ाने मॉनीटरिंग के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने एसडीएम तथा भार साधक अधिकारी कृषि उपज मंडी श्योपुर गगन सिंह मीणा को निर्देश दिये कि मंडी शुल्क बढाने के लिए नियमित रूप से मॉनीटरिंग की जायें तथा कृषि उपज मंडी में कार्यरत राजस्व निरीक्षको एवं सहायक राजस्व निरीक्षको के कार्य की समीक्षा की जायें। उन्होंने कहा कि कृषि उपज मंडी से उपज लेकर निकलने वाले वाहनों की चौकिंग की जायें। इसी प्रकार गोदामों में रखी उपज की जानकारी भी प्राप्त की जायें। मंडी में खरीदी गई उपज की निकासी के संबंध में नियमानुसार शुल्क प्राप्ती सुनिश्चित की जायें। उन्होंने नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि भवन निर्माण कराने वालों को विकास अनुज्ञा प्राप्त करने के बाद ही कंस्ट्रक्शन कराने के लिए प्रेरित किया जायें तथा निर्माण की अनुज्ञा नियमानुसार सतत् रूप से प्रदाय की जायें।

# भगवान राम के राज्याभिषेक के साथ राम कथा का समापन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 फरवरी।** शहर के फक्कड़ चौराहा स्थित वैष्णव छात्रावास भवन पर समस्त वैष्णव समाज द्वारा आयोजित कराई जा रही है श्रीराम कथा का सोमवार को हवन यज्ञ और भंडारे के साथ समापन हो गया है। राष्ट्रीय ख्याती प्राप्त कथा व्यास महाराज घनश्याम वैष्णव रामधाम बालाजी सरकार अरणिया धारणी नीमच वालों ने अंतिम दिन मेघनाथ, कुंभकरण, रावण वध, रामराज्याभिषेक का प्रसंग सुनाया।

### वैष्णव छात्रावास पर चल रही नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा का हवन यज्ञ के साथ किया गया समापन

समाज अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव बगदिया वालों ने जानकारी देते हुए बताया कि, सुबह 9 बजे से हवन यज्ञ शुरू हो गया। बड़े हवन कुंड पर सीताराम वैष्णव ननावद द्वारा 61 हजार की बोली लगाई गई, इसलिए उन्होंने बड़े हवनकुंड पर आहुति दी। इसके अलावा तीन छोटे हवन कुंड बनाए गए जिनकी बोली 3100-3100 रुपए रखी गई। हवन यज्ञ की पुर्णाहुति के बाद कथा वाचक महाराज घनश्याम वैष्णव ने भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि भगवान राम ने विभीषण की सलाह पर रावण की नाभि में अमृत सूखने हेतु ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर उसका वध किया। लंका विजय के बाद, राम ने विभीषण को लंका का राजा बनाया और सीता के साथ अयोध्या लौटकर कार्तिक अमावस्या को भव्य राज्याभिषेक संपन्न किया, जिसे दीवाली के रूप में मनाया जाता है। 14 वर्ष के वनवास और रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटने के बाद, शुभ मुहूर्त में गुरु वशिष्ठ द्वारा श्रीराम का भव्य राज्याभिषेक किया गया।अंतिम दिन बड़ी संख्या में महिला-पुरूष कथा श्रवण करने पहुंचे। इसके दोपहर 3 बजे से भंडारा आयोजित किया गया जो देर रात तक चला। भंडारे में हजारों सजातीय बंधुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। कथा में अंतिम दिन पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा विजयपुर, पूर्व दस्यु रमेश सिंह सिकरवार, राजस्थान के गौर रक्षा संवर्धन के मंत्री दर्जा प्राप्त गौतम बैरागी सहित अन्य जनप्रतिनिधि पहुंचे।





### सफल आयोजन पर जताया आभार

समाज के अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव, रघुवीर प्रसाद शर्मा, योगेश वैष्णव पनवाड़, रामस्वरू वैष्णव, सत्यनारायण वैष्णव, शिवचरण वैष्णव लूंड, राशू इंपेक्स कंपनी जयपुर के डायरेक्टर भरत वैष्णव, शंभूदयाल शर्मा जैनी, दीपक वैष्णव, योगेंद्र वैष्णव, रामभरोस शर्मा आदि ने सफल आयोजन पर समाजबंधुओं का अभार जताया।